महावृक्षारोपण अभियान से नदारद रहे जिपं सीईओ

प्रभारी मंत्री, सांसद के कार्यक्रम में भी थे अनुपस्थित

जनधारा समाचार

धमतरी। ग्राम कुरूद के समीप स्थित ग्राम भटगांव में भी 8.5 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण का आयोजन पंचायत मंत्री अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में रखा गया था जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने वृक्षारोपण के महाभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया लेकिन बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनीत नंदनवार कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की असहयोगात्मक नीति के चलते जिला पंचायत के सदस्य काफी परेशान हैं। इससे पूर्व भी महिला सरपंच को बर्खास्त किये जाने के धमकी की शिकायत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंदूलाल साहू को सरपंच संघ के अध्यक्ष ने करते हुए उनसे दुव्यर्वहार की शिकायत की थी। इसकी स्याही अभी ठीक से सूख भी नहीं पाई थी कि इनके अधिनस्थ कर्मियों ने भी इनकी प्रताड़ना को लेकर चौक-चौराहों में चर्चा कर इनके द्वारा कहे गये वाक्य का बखान किया और इसका विरोध किया। इनका तर्क था कि ऐसे नादिरशाह अधिकारी के रहते जिला पंचायत में कोई काम नहीं होगा। इनके द्वारा कामों को भी जान बूझकर लटकाकर रखा जा रहा है। जला पंचायत सीईओ द्वारा 29 जून को स्वयं बैठक आहुत कर बैठक से नदारद रहने की घटना को काफी गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष रघुनंदन साहू एवं सामान्य प्रशासन स्थायी समिति के सदस्यों ने इनके खिलाफ न सिर्फ निंदा प्रस्ताव पारित किया बल्कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को भी भेजकर इन्हें यहां से हटाये जाने की मांग की है। इससे क्षुब्ध होकर सीईओ ने जिला पंचायत की ओर से पानी पिलाने, डाक लाने एवं आगंतुकों की स्लीप देने जैसे कार्यों के लिये अध्यक्ष को मिले चपरासियों को भी बिना इनको जानकारी दिये दूसरे स्थान पर भेज दिया जिसके कारण भी एक नया विवाद जिला पंचायत में प्रारंभ हो गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी के अड़ियल एवं एकला चलो नीति यहीं समाप्त नहीं हो जाती। जबसे इन्होंने पदभार ग्रहण किया है तबसे इन्होंने मंत्री, सांसदों से दूरियां बनाई है। गत माह सांसद श्री साहू की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में भी उपस्थित नहीं हुए थे। जिले की प्रभारी मंत्री रमशिला साहू भी जब-जब आईं तब अधिकांश बैठकों में इनके दर्शन को लोग तरस गये। गत 20 जुलाई को कुरूद विस क्षेत्र के ग्राम भटगांव में महावृक्षारोपण दिवस के अवसर पर 8.5 हेक्टेयर क्षेत्र में जिले के तमाम अधिकारियों ने पंचायत मंत्री अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में इस अभियान का श्रीगणेश किया लेकिन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनीत नंदनवार यहां नहीं पहुंचे और वे ऑफिस में बैठकर ही कार्य निपटाते रहे। इनकी अनुपस्थिति को लेकर जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में खासी चर्चा रही। इसे लेकर पंचायत प्रतिनिधियों का कहना था कि उनकी शिकायत मंत्री के समक्ष उनकी उपस्थिति में रखी जानी थी। इसकी खबर शायद उन्हें लग गई थी, इसी वजह से वे जान बूझकर उक्त कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे। जिला पंचायत के सीईओ की कार्यशैली निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ बेहद आपत्तिजनक

है जिसे लेकर भी पूर्व में महिला सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष ने सांसद को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद इन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। इनके ऊपर निविदा बुलाने में भी भेदभाव किये जाने की शिकायत भी चर्चित है। बताया जाता है कि आईएएस श्री नंदनवार शुरू से ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ असहयोगात्मक रवैया अख्तियार किये हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वे इस मामले को लेकर वहां जाते थे तो उन्हें झिड़की मिलती थी। इसलिये जिले के अधिकांश पंचायत प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष से मिलकर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते थे। यहां यह बताना लाजिमी है कि अधिकारियों के बढ़ते रूतबे को लेकर प्रदेश में एक-दो बातें उजागर हुई थीं जिसमें से एक आईएएस एसडीएम द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मरीज के पलंग में पैर रखकर बातचीत करने की फोटो व्हाट्सएप पर वायरल हुई थी इसे प्रदेश के मुखिया ने गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मिलने आने वाले लोगों से शालीनतापूर्वक व्यवहार किये जाने की अपील की थी जिसके तहत जिले के कलेक्टर डॉ सीआर प्रसन्ना ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों के साथ साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से भी शालीनता के साथ व्यवहार करते हैं। अब देखना है कि महावृक्षारोपण अभियान के समय भी कद्दावर मंत्री के कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रहने का मामला कब तूल पकड़ता है।

आर्ट ऑफ लिविंग की रूद्र पूजा में उमड़े भक्त

धमतरी। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा रूद्र पूजा का आयोजन स्थानीय बांके बिहारी मंदिर सदर बाजार में किया गया। भारतीय संस्कृति में सावन माह का विशेष महत्व है। सावन माह को शिव जी की भक्ति से जोड़ा गया है। शिवजी जो समस्त बुराइयों के संहारक हैं, उन्हीं की स्तुति का नाम है रुद्र पूजा। इस पूजन से होने वाले मंत्रोच्चार से समस्त नकारात्मकता व दुखों का नाश होता है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की टीचर सुमिता पंजवानी ने जानकारी दी कि प्रति वर्ष सावन माह में रूद्र पूजा का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। यह पूजा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के अंतर्राष्ट्रीय आश्रम से पधारी साध्वी उषा जी एवं प्रशिक्षित वेद पंडितों द्वारा संपूर्ण विधि विधान से संपन्न कराई गई। पूजा की जया गुप्ता, भुनेश्वर साहू, राज गोपालन, भानु प्रताप धीवर, बलराम गुप्ता, यशोदा सोनकर, अनीता बाबर व नागरिकों ने सराहना की व आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों को किये जाने की इच्छा व्यक्त की।

नए एसपी ने ली जनरल परेड, दिए निर्देश

जनधारा समाचार

धमतरी। पुलिस लाईन में आयोजित जनरल परेड में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पुलिस लाईन में जनरल परेड ली गई। जिला पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर उनसे रूबरू हुए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्मार्ट पुलिसिंग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया है तथा अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण, सायबर संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं कार्यवाही, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनसामान्य में पुलिस की सकारात्मक छबि बनाना, विशिष्ट व्यक्तियों एवं कानून व्यवस्था, ड्युटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की दिशा में जागरूक रहने हेतु जानकारी दी गई। इस हेतु समय समय पर निःशुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा विभिन्न नये विषयो पर प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षण चलाने हेतु निर्देश दिया गया जिसमें अनुभवी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जानकारी दी जावेगी। तथा के स्टडी का अवलोकन कराया जायेगा। उनके द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्षता, सर्तकता, तत्परता एवं निष्ठापुर्वक कार्य करने हेतु नसीहत दी गई। अवैध शराब, सट्टा, जुआ, एवं असामाजिक तत्वों को पुर्णतः प्रतिबंधित करने हेतु ठोस कार्यवाही करने हेतु निर्देशित यिका गया। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों जैसे आतंकवाद, नक्सलवाद एवं अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस मौके पर पुलिस के आला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली

व्यापारियों को एसपी ने किया सम्मानित

जनधारा समाचार

धमतरी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से गुम हो चुके बैग के मिल जाने पर बस स्टैण्ड के व्यापारियों को एसपी रजनेश सिंह ने सम्मानित किया।

विदित हो कि शुक्रवार 20 जुलाई को थाना सिहावा निवासी हुमनलाल साहू पिता गजाधर साहू का काले रंग का बैग जिसमें 57000 रूपए नगद तथा अन्य दस्तावेज था जो नया बस स्टेण्ड धमतरी के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया था कि पुलिस अधीक्षक राजनेश सिंह के निर्देशन एवं एएसपी के मार्गदर्शन में टीआई संतोष जैन अपनी टीम के साथ साथ घटना स्थल पहुंचकर लोगो से पुछताछ कर मनीष मेडीकल संजय आर्ट गैलरी एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज को खंगाला जिसमें एक संदेही व्यक्ति बैग उठाते दिखने पर उसके हुलिया एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर रिक्शा चालक टुमन लाल रावटे पिता तुलसीराम रावटे 30 वर्ष सा.बाजार पारा हटकेशर धमतरी ने बैग चोरी करना स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से चोरी गई मशरूका नगदी रकम 57000 एवं आवश्यक दस्तावेज को जप्त कर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार किया । सीसीटीवी के माध्यम से घटना के एक घंटे के अंदर अज्ञात आरोपी की पता तलाश कर चोरी गई मशरूका बरामद यिका गया। इस तरह से सीसी टीवी के माध्यम से पुलिस ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर सफलता अर्जित की। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बस स्टैण्ड के व्यापारी मनीष चंद्राकर, संजय डागौर, आशीष का सम्मान किया।

कोविंद के राष्ट्रपति बनने से भाजपाईयों में खुशी

धमतरी। रामनाथ कोविंद जी के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के अवसर पर भाजपाइयों द्वारा जिलाध्यक्ष जगदीश रामु रोहरा के नेतृत्व में विजय जश्न नगर घड़ी चौक में मनाया गया। इस अवसर पर सरल जैन अध्यक्ष निःशक्तजन वित्त विकास, निगम महापौर अर्चना चौबे, शशि पवार, बीथिक विश्वास, शिवदत्त उपाध्याय, प्रकाश गोलछा, कविन्द जैन, नरेंद्र रोहरा, पार्वती वाधवानी, महेंद्र पंडित, चेतन हिंदुजा, राजीव सिन्हा, विनोद राव रणसिंग, दिलीप पटेल, कल्पना रणसिंग, सुमिता पंजवानी, सुशीला तिवारी, हेमंत बंजारे, रामकृष्ण ध्रुव, दिनेश रामटेके, पुष्पेंद्र वाजपेयी, सन्नी कलवानी, पंकज गौतम एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सार समाचार

गणित ओलंपियाडः ऑनलाईन आवेदन 25 तक

धमतरी। गणित ओलम्पियाड से संबंधित प्रारंभिक परीक्षा (पी.आर.एम.ओ.) 20 अगस्त को प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। यह ऑनलाईन आवेदन केन्द्रीय विद्यालय, लोहरसी, जिला- धमतरी में किया जा रहा है। ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 25 जुलाईहै। अतः जो छात्र ऑनलाईन आवेदन करने से वंचित हो गए है वह 25 जुलाई के पहले ऑनलाईन पंजीयन करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् पंजीयन नहीं हो सकेगा।

स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 24 तक

धमतरी। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ स्थानांतरण के इच्छुक अधिकारी, कर्मचारी आगामी 24 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.तुर्रे से मिली जानकारी के मुताबिक स्थानांतरण के लिए वेबवाईट पर गाईड लाईन उपलब्ध है। डॉ.तुर्रे ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन भरने में कठिनाई आने पर विभागीय जिला, खण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर हेल्प डेस्क कमेटी बनाई गई है। जिला स्तर पर हेल्पलाईन नंबर 07722-232810 तथा मोबाईल नंबर 96308-25205 पर संपर्क किया जा सकता है।

पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर प्रवेश की अनंतिम सूची जारी

धमतरी। बी.सी.एस.शासकीयपी.जी.महाविद्यालय, धमतरी में पी.जी.डी.सी.ए.-प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं की प्रथम अनंतिम प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में सम्मिलित ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उनके मूलदस्तावेजों के अवलोकन के उपरांत यह अनंतिम सूची परिवर्तनीय होगी एवं परिवर्तित सूची के आधार पर प्रवेश दिये जाएगे। अतः सूची में उल्लेखित समस्त छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में 26 जूलाई 2017 तक प्रातः 11:00 से दोपहर 2:00 बजे तक समस्त मूल दस्तावेजों के साथ आई.टी. विभाग में प्रो.राजेश चौरसिया से संपर्क कर प्रवेश कार्ड प्राप्त करें।

मंत्री ने दिए अंवरी के महिला कमांडो को प्रमाण-पत्र

कुरुद। ग्राम अंवरी में गठित स्व. मिनीमाता महिला कमांडो की सदस्यों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अजय चंद्राकर ने अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने महिला कमांडो की सदस्यो को पंचायत में नशामुक्ति, पौधरोपण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों के उपयोग के प्रति लोगों को जागरुक करने के साथ सामाजिक आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिला कमांडो की सदस्यगण रेखा धीवर, लक्ष्मी गायकवाड़, शशि चंदेल, ईश्वरी, लता चंदेल के अलावा रेखराम गायकवाड़ समेत माहिलाएं उपस्थित रही।

चिकित्सकों का स्वास्थ्य शिक्षा व्याख्यान आयोजित

धमतरी। स्वास्थ्य शिक्षा व्याख्यान(सीएमआई) में डॉ साराभाई एवं डॉ रावत द्वारा व्याख्यान विगत दिनों शिमोन इन हॉल में आयोजित किया गया जिसमें डॉ रावत ने चक्कर पर प्रकाश डाला। आम जन चक्कर आने को हल्के से लेते हुए सोचते हैं कि गर्मी एवं कमजोरी से चक्कर आता है परंतु ऐसा नहीं होता। चक्कर आने के प्रमुख कारण में प्रथम कान के अंदर संतुलित करने का सिस्टम होता है, उसमें किसी तरह की तकनीकी खराबी आ जाने से चक्कर आता है और चलने में हाथ पैर लड़खड़ाते हैं।

छोटी-छोटी सावधानियों से बड़ी समस्या से निजात

धमतरी। आयकर की कटौतियों से संबंधित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज सुबह 11.00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें रायपुर से आए सहायक आयुक्त आयकर विकास चंद्रा, आयकर अधिकारी जी.बी. सरमाझी ने जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा अधीनस्थ लिपिकों को आयकर के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने कहा कि डी.डी.ओ. यदि टीडीएस एवं टीसीएस कटौती करते समय छोटी-छोटी सावधानियां बरतें। उन्होंने आगे बताया कि कटौती के लिए टैन नंबर होना अतिआवश्यक है। वेतन से टीडीएस अनुमानित आय पर औसत दर से माह अप्रैल से ही फाइलिंग की जानी चाहिए, न कि जनवरी या फरवरी माह में।

आईटीओ श्री सरमाझी ने बताया कि यदि शासकीय कार्यालय का भवन किराए पर लिया गया हो तो किराए की सालाना राशि एक लाख 80 हजार रूपए से अधिक होने पर दो प्रतिशत की दर से टीडीएस काटा जाएगा। इसके अलावा भूमि, भवन, फर्नीचर का किराया भी 1.80 लाख रूपए से अधिक होने पर 10 प्रतिशत की दर से कटौती की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

धमतरी। गुरूवार की रात डांडेसरा में हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। डांडेसरा निवासी फलेन्द्र साहू ने बताया कि उसका पड़ोसी जागेन्द्र कंवर पिता पवन उम्र 38 वर्ष सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आती हुई तवेरा वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

रफ्तार इतनी तेज थी कि तवेरा गाड़ी जागेन्द्र को घसीटते हुए किनारे तक ले गई। घटना के बाद युवक गाड़ी में फंस गया था जिसे निकालकर धमतरी मसीही अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गाड़ी को कुरूद पुलिस ने जब्त कर लिया है।

महिला समाज की कार्यकारिणी समिति का हुआ चुनाव

धमतरी। महिला समाज धमतरी कार्यकारिणी समिति वर्ष 2017-2020 त्रिवर्षीय कार्यकाल का चुनाव 18 जुलाई सायं 4:30 बजे समिति के पंजीकृत सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए अध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रभा रावत, उपाध्यक्ष पद के लिए सुषमा नंदा, सचिव पद के लिए डॉ. सरिता दोशी, कोषाध्यक्ष पद पर चंचल लुंकड़ एवं सहसचिव पद के लिए कामिनी साहू का मनोनयन हुआ। तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभा रावत के परामर्श से 6 कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नलिनी सोनी, मिंटो राठी, नीलू लुनावत, कंचन लुंकड़, शकुंतला साहू एवं ललिता अग्रवाल का मनोनयन किया गया। सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने निवृत्तमान अध्यक्ष राजुला शाह के समक्ष अपने त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकानाएं दी। इस अवसर पर निवृत्तमान अध्यक्ष राजुला शाह ने कहा कि वे संस्था से 44 साल से जुड़ी रहीं। अपने कार्यकाल में उन्होंने समस्त सदस्यों के सहयोग से इस संस्था के उद्देश्यानुसार अनेकानेक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया और संस्था को ऊंचाई की ओर अग्रेषित किया। निवृत्तमान सचिव सुषमा नंदा ने समस्त साथियों को धन्यवाद दिया और आगामी कार्यकारिणी को पूर्ववत सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा बताया कि इस संस्था में कार्य करके उन्होंने बहुत सीखा है। संस्था के संरक्षक नीला कापड़िया, राजुला शाह, भावना दोशी एवं हेमलता हिशीकर अपनी सेवाएं देंगी। इस अवसर पर राजुला शाह, हेमलता हिशीकर, प्रभा रावत, सुषमा नंदा, भावना दोशी, नलिनी सोनी, सरिता दोशी, मिंटो राठी, कामिनी साहू, शकुंतला साहू, अनिता बाबर, संतोष मिन्नी, स्वाति बल्लाल, नीलू लुनावत, चंचल लुंकड़ उपस्थित रहे।

युवाओं ने महिला कमांडो को प्रदान किया टॉर्च, सीटी, लाठी

धमतरी। पोस्ट ऑफिस वार्ड में महिला कमांडो को समाजसेवी गुड्डा रजक एवं कुंदनसींग ठाकुर ने अपने साथियो के साथ बिना लाइट टार्च के गस्त करते देखा तो तुरंत गुड्डा रजक, कुंदनसिगं ठाकुर ने टार्च मंगवा कर वितरण किया। साथ ही कंमाडो के पास डंडे और सी टी की कमी थी तो वह भी उपलब्ध करवाया। आपको बता दे की बरसात में कीड़े मकोड़े का प्रकोप ज्यादा रहता है और महिला कमांडो द्वारा आमा तलाब के आसपास ज्यादा गस्त करते है जहाँ रात मे खतरे की स्थिति बने रहती है जिसे देखकर भारी चिंता ग्रहण कर उन्होंने इस कार्य को अंजाम दिया।

इस अवसर पर रवि बग्गा, अगम सिंग खालसा, गौरव सोलंकी, मनोज निर्मलकर, राहूल ठाकुर उपस्थित रहे। साथ ही पोस्ट आफिस वार्ड के महिला कमांडो अध्यक्ष हेमा ग्वरिया, रुपा नेवारे सचीव ने हर्ष जताया। जिसमें उपस्थित सविता रजक, सरिता मनिकपुरी, प्रमिला निर्मलकर आदी उपस्थित रहें।

महिलाओं को दिया गया 11 सूत्रीय प्रशिक्षण

जनधारा समाचार

कुरूद। गांव की महिलाए अब अबला नहीं सबला हो गई है। अब वे घर की चूल्हा चौका तक सीमित नहीं रही, वे आत्मानिर्भर बन गई हैं।

उक्त बाते कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर की पत्नी प्रतिभा चन्द्राकर ने कही। समरसता भवन सिरीं मे गुरूवार को नवा बिहान और ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्ताधान मे सिरीं कलस्टर की ग्यारह सूत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि केबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर की पत्नि प्रतिभा चन्द्राकर थे। उन्होने कहा कि एक समय था,जब गांव की महिलाएं अपने घर से बाहर नही निकलती थी लेकिन अब नवा बिहान योजना से जुडकर एक समूह के माध्यम से आत्मानिर्भर बन गई है,वे अबला नही सबला हो चुकी है। कार्यक्रम को कुरूद जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष छत्रपाल बैंस,कुल्हाडी सरपंच पूजा साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान महिलाओं को नवा बिहान से जुड़ी 11 सूत्रीय कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल लच्छवानी, शाखा प्रबंधक एस.के.कर्मकार, रामस्वरूप साहू, घनश्याम सिंह साहू, जिला पंचायत पी.ई.ओ.हेमंत ठाकुर, अभिषेक बेनर्जी, ममता, महेश्वरी, नागवैकट लक्ष्मी समेत सिरीं कलस्टर के 35 गांव की 350 महिलाओं उपस्थित थे।

अब महिलाओं को मिला घर-परिवार में सम्मानः प्रतिभा

मनेश्वरी को दिया सहायता राशि का चेक

कुरुद। कुरुद विकासखंड के ग्राम बोरझरा निवासी मनेश्वरी यादव पति स्वर्गीय घनश्याम यादव को प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अजय चंद्राकर की धर्मपत्नी प्रतिभा चंद्राकर ने आज उनके घर पहुंचकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत श्रीमती यादव के पति के मृत्यु पर राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 20 हजार रुपये के चेक प्रदान किये।इस अवसर पर जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष पूर्णिमा रामस्वरूप साहू प्रमुख रूप से मौजूद रही। श्रीमती चन्द्राकर की पहल पर ही मनेश्वरी यादव को परिवार सहायता के तहत सुखद सहारा पेंशन योजना के लिए पात्र किया गया है जिससे कि उन्हें हर माह पेंशन राशि भी ग्राम पंचायत से प्राप्त होगी। इस दौरान सरपंच महेंद्र साहू, सचिव महेंद्र जांगड़े, ग्रामीणजण भगवती साहू, दामिनी साहू, रेखा साहू के अलावा संतोष अग्रवाल मौजूद रहे।